संख्या- 04 /2025/555/52-2-2025

प्रेषक,

प्राणेश चन्द्र शुक्ल,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,

अल्पसंख्यक कल्याण,

उत्तर प्रदेश, इन्दिरा भवन, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1 **लखनऊ: दिनांक 25 मार्च, 2025**

विषय- वित्तीय वर्ष 2024-25 में उ0प्र0 वक्फ न्यायाधिकरण के 58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान के मानक मद में पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-4830/अ0सं0क0नि0-52/लेखा/2024-25, दिनांक 25.02.2025, जिसके द्वारा 58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मानक मद में रु0 08.00 लाख की आवश्यकता को दर्शाते हुए पुनर्विनियोग के माध्यम से धनराशि की व्यवस्था कराये जाने का अनुरोध किया गया है, का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-48 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक-2070-800-03 के अन्तर्गत मानक मद-58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान मद में रू0 08.00 लाख (रूपये आठ लाख मात्र) हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-48 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक-2070-800-03 के अन्तर्गत मानक मद-52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय) के लिए भुगतान मद में प्राविधानित बजट के सापेक्ष उपलब्ध बचतों से संलग्न प्रपत्र-बी0एम0-09 के अनुरूप पुनर्विनियोग द्वारा स्वीकृत धनराशि रू0 08.00 लाख अवमुक्त कर आपके निवर्तन पर रखने व व्यय करने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

(1) प्रश्नगत धनराशि के व्यय में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-01 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024 दिनांक 04 मार्च, 2024 में दिये गये दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(3) अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी मद में किया जायेगा जिस मद हेतु धनराशि की व्यवस्था की गयी है।

(5) जिस मद से धनराशि सक्रंमित की जा रही है उस मद में चालू वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त धनराशि की मांग नहीं की जायेगी।

3- उक्त मदों पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-800-अन्य व्यय-03-उ0प्र0 वक्फ न्यायाधिकरण-58-आउटसोर्सिंग सेवाओं हेतु भुगतान के

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

नामे डाला जायेगा। यह धनराशि लेखा शीर्षक-2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं-800-अन्य व्यय-03-उ0प्र0 वक्फ न्यायाधिकरण-52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय) के लिए भुगतान मद में प्राविधानित धनराशि से पुनर्विनियोग कर की जायेगी।

4- यह आदेश वित्त विभाग के आर.ई.संख्या-बजट-1-732 दिनांक 21.03.2025 में प्राप्त सहमति से जारी किया जा रहा है।

संलग्नक-बी0एम0.9 प्रपत्र (मूलरूप में)

भवदीय,

(**प्राणेश चन्द्र शुक्ल**)
विशेष सचिव।

संख्या-555(1)/52-2-2025, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय,उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. वित्त(ई-4) अनुभाग/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 (02 प्रतियों में)/नियोजन अनुभाग-3
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(**प्राणेश चन्द्र शुक्ल**)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।